Title: Need to clean Varuna river in Phoolpur in Uttar Pradesh.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, फूलपुर संसदीय क्षेत्र में एक बरना नदी है जो मैलहन से बनारस तक जाती है। इलाहाबाद में जलभराव रहने के कारण से वहां के किसान खेती-बाड़ी नहीं कर पाते। इससे कम से कम तीन सौ गांव प्रभावित हैं। लोगों को निकलने की जगह नहीं मिल रही है। वहां एक बार जल संसाधन मंत्री द्वारा सर्वेक्षण करवाया गया था। उसके बाद यह हुआ कि कुछ पैसा दिया जाएगा। लेंकिन आज तक पैसा नहीं दिया गया है। वहां लड़के-लड़कियों की शादी नहीं हो पा रही है। लोग भुखमरी के कगार पर हैं। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां सर्वे करवाया जाए और बरना नदी की सफाई करवाई जाए।